हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, रविवार, 28 सितंबर 2025

13 रामलीला में लक्ष्मण ने काटी शूर्पणखां की नाक



14 सांसद ने किया शहीद की प्रतिमा का अनावरण



## खबर संक्षेप

### फसल खराब होने से आहत किसान ने दी जान

**झज्जर।** शनिवार दोपहर बाद भिंडावास व रेढूवास गांव की सीमा में संदिग्ध परिस्थितियों में किसान ने पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों को पता चलने पर सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए शव को नागरिक अस्पताल भिजवाया। किसान फसल खराब होने से सदमे में था। मृतक की पहचान सूबे सिंह निवासी मुंडाहेड़ा के तौर पर की गई है। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।

### लोहारहेड़ी में लीगल सर्विस कैंप कल

**बहादुरगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गांव लोहारहेड़ी में 29 सितंबर को लीगल सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला



विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल ने बताया कि कैंप में परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याओं को सुना जाएगा व मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। इसके अलावा बिजली-पानी, राजस्व विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, समाज कल्याण, रोजगार, शिक्षा, फूड एंड सप्लाई आदि करीब 20 विभागों से जुड़े विषयों पर सुनवाई की जाएगी। सुबह 9 बजे से कैंप शुरू हो जाएगा। प्राधिकरण के सचिव ने ग्रामीणों से इस कैंप का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने सभी जरूरी दस्तावेज यानी आधार कार्ड, राशन कार्ड या अन्य प्रमाण पत्र साथ लाएं ताकि उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान हो सके।

### महिला थाना पुलिस ने किया पौधरोपण

**बहादुरगढ़।** महिला थाना बहादुरगढ़ की टीम ने शनिवार को एक फुटवियर कंपनी में महिला कर्मचारियों को जागरूक किया। महिला थाना प्रबंधक नीलम ने कर्मचारियों को डायल-112, ट्रिप मॉनिटरिंग सेवाओं और साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी। साथ ही उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की भी सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया गया। महिला थाना टीम ने गांव सांखोल में पौधारोपण किया, वहीं चौकी मांडोठी की पुलिस ने सड़क किनारे पौधे लगाकर आमजन को स्वच्छ व हरित वातावरण का संदेश दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि ये पौधे भविष्य में राहगीरों और पशु-पक्षियों के लिए लाभकारी साबित होंगे।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** थाना लाइनपार पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान राजीव निवासी बहादुरगढ़ के रूप में हुई है। राजीव के पास एक अवैध हथियार और छह जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किया गया है। आरोपी पर पहले भी आपराधिक केस दर्ज हैं।

### सांखोल में युवक ने फंदा लगाया

बहादुरगढ़। गांव सांखोल में बराही रोड पर स्थित मकान में युवक का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान करीब 23 वर्षीय पुनीत के रूप में हुई है। मूलतः रोहतक का रहने वाला था और करीब एक महीने से ही यहां किराये पर रह रहा था। मेहनत, मजदूरी करता था। शुक्रवार की सायं उसका शव फंदे पर लटका देखा गया।

# मरम्मत के कारण 2 रेलवे फाटक व अंडरपास रहे बंद

» सुबह से रात तक लोग वैकल्पिक रास्तों से आते जाते रहे। नाहरा-नाहरी फ्लाईओवर पर रही भारी भीड़

» फाटक और अंडरपास पर चल रहा काम, परनाला फाटक भी सुबह 11 से शाम सात बजे तक बंद की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

मेंटेनेंस कार्य के चलते लगातार दूसरे दिन भी बराही फाटक बंद रही। वहीं परनाला फाटक भी सुबह 11 से शाम सात बजे तक बंद की गई। दो फाटक और अंडरपास बंद रहने के कारण हजारों लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। सुबह से रात तक लोग वैकल्पिक रास्तों से आते जाते रहे। इस कारण नाहरा-नाहरी फ्लाईओवर पर भीड़भाड़ रही। दरअसल, बरसात के चलते रेलवे ट्रैक के स्पीपर्स में खामियां आ गई थी। इस कारण रेलवे की ओर से इन दिनों ट्रैक की मरम्मत की जा रही है। शुक्रवार को बराही फाटक पर सुबह 9 से रात 12 बजे तक मरम्मत कार्य किया गया। इस कारण दिनभर फाटक बंद रही। शनिवार को भी यही सिलसिला जारी रहा और सुबह 9 बजे बराही फाटक बंद कर दी गई। रात करीब 12 बजे तक फाटक बंद रही।



बहादुरगढ़। मरम्मत कार्य के चलते बंद की गई बराही फाटक।

### लाइनपार के हजारों लोगों को काटने पड़े चक्कर

पैदल राहगीर तो जैसे-तैसे आते जाते रहे लेकिन वाहन चालकों के लिए रास्ता बंद रहा। लाइनपार के हजारों लोग रोजाना इस फाटक को पार कर अपने गंतव्य की ओर जाते हैं। काफी स्कूल बसें भी गुजरती हैं। नजदीक ही अंडर पास तो है, लेकिन उसमें भी मरम्मत कार्य चल रहा है। दूसरी तरफ परनाला फाटक बंद भी बंद रही। इस कारण हजारों लोगों को नाहरा, नाहरी रोड का रास्ता अपनाना पड़ा। इस कारण सुबह व शाम के वक्त वहां पर जाम की स्थिति गहरा रही है। भीड़भाड़ के कारण लोगों को मुश्किल झेलनी पड़ रही है। वहीं, मौके पर मौजूद रेलवे कर्मियों का कहना है कि मरम्मत कार्य भी जरूरी है ताकि रेल आवागमन सुचारू चलता रहे।

# मां की गंडासी मारकर हत्या करने वाला काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

कस्बा बेरी में अपनी मां की हत्या करने मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम द्वारा आरोपी बेटे को गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि मृतका के लड़के धर्मपाल की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कर्मवीर निवासी बेरी के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से वारदात में प्रयोग गंडासी बरामद की गई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

### दो दिन के रिमांड पर



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

टैंक की क्वाइल फटने से घायल श्रमिक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

# परिवार व ग्रामीणों ने मांगा न्याय फैक्ट्री में पहुंचे, रोड जाम किया

■ बेरी कलानौर मार्ग बाधित होने से वाहन चालक परेशान ■ तारकोल फैक्ट्री में धमाके में पांच घायल हुए थे



हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

करीब पांच दिन पूर्व कस्बा बेरी के ढराणा मोड़ स्थित तारकोल फैक्ट्री में टैंक की क्वाइल फटने से झुलसे पांच कर्मचारियों में से एक दीपक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना से नाराज ग्रामीण और परिजन शनिवार सायं फैक्ट्री पहुंचे और मृतक के परिवार को न्याय दिलाने मांग को लेकर बेरी कलानौर मार्ग पर जाम लगा दिया।

जाम लगने की सूचना पर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण जाम खोलने को राजी नहीं हुए। जिसके कारण यातायात बाधित हो गया और वाहन वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



झज्जर। रोड पर बैठे परिजन और ग्रामीण।

### पांच दिन पहले फैक्ट्री में हुआ था ब्लास्ट

बता दें कि बेरी के ढराणा मोड़ पर एक तारकोल बनाने की फैक्ट्री है। उसमें करीब पांच दिन पूर्व दो टैंकों की टेस्टिंग का कार्य चल रहा था। उसी दौरान तेज धमाके के साथ एक टैंक की क्वाइल फट गई थी। इस हादसे में घायल श्रमिकों को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में चल रहा है। कर्मचारियों के अनुसार तारकोल फैक्ट्री में बॉयलर अचानक अधिक गर्म होने के कारण फट गया था, जिससे मजदूरों को गंभीर चोटें आईं थी। घायल श्रमिकों की पहचान अरुण, सचिन, सुधीर, संदीप व दीपक के तौर पर हुई थी। इसमें से उपचार के दौरान दीपक की मौत हो गई।

दम तोड़ रही जिंदगी - सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी पड़ रही भारी

# इस साल 348 सड़क हादसों में 156 लोगों की जान गई, 388 हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

जिले की सड़कों पर हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। सड़क सुरक्षा के तमाम दावों के बावजूद हादसों के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं। आई-रेड के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल एक जनवरी से 20 सितंबर तक जिले में 348 सड़क हादसे हुए, जिनमें 156 लोगों की मौत हुई जबकि 388 लोग घायल हुए। पिछले साल की तुलना में इस बार हादसों की संख्या ज्यादा है। वर्ष-2024 में एक जनवरी से 20 सितंबर तक 309 हादसे हुए थे, जिनमें 177 लोगों की जान गई और 306 लोग घायल हुए थे। यानी इस साल अभी तक हादसों की संख्या और घायलों का आंकड़ा बढ़ा है, जबकि मौतें पिछले साल के मुकाबले कम हुई हैं। ज्यादातर हादसे केएमपी एक्सप्रेस-वे पर हो रहे हैं। गत 20 अगस्त की सुबह केएमपी पर भीषण हादसे में चार प्रवासियों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हुए। तेज रफ्तार, ओवरटेक, और खराब सड़कें हादसों के बड़े कारण बन रहे हैं। जान गंवाने वालों में दोपहिया वाहन चालक अधिक हैं।

**जान गंवाने वालों में दोपहिया वाहन चालक अधिक**



### पुलिस अधिकारी बोले -चालक निर्धारित लेन में संयमित गति से वाहन चलाएं

वहीं, पुलिस का कहना है कि लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है और नियम तोड़ने वालों के चालान भी काटे जा रहे हैं। यदि चालक निर्धारित लेन में संयमित गति से वाहन चलाएं, शराब या नशे में ड्राइविंग न करें, मोबाइल का इस्तेमाल न करें और ओवरटेकिंग से बचें तो हादसों को काफी हद तक रोका जा सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसों पर अंकुश लगाने के लिए सिर्फ जागरूकता ही नहीं बल्कि सख्त कदम भी उठाने होंगे। सड़कों की दशा सुधारने, रात में रोशनी का प्रबंध करने तथा पुलिस द्वारा और सख्ती बरतने से दुर्घटनाओं में कमी आ सकती है।

# बिहार से आते ही हो गया युवक का एक्सीडेंट

**बहादुरगढ़।** रोजगार के सिलसिले में बिहार से यहां रोहद में आया एक युवक हादसे का शिकार हो गया। शनिवार को उसने दम तोड़ दिया। आसौदा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतक की पहचान करीब 20 वर्षीय छोटू कुमार के रूप में हुई है। छोटू कुमार मूलतः बिहार के सारण जिले से था। इसका बड़ा भाई राधेश्याम यहां रोहद में रहता है। गत 16 जुलाई को छोटू कुमार बिहार से यहां रोजगार की तलाश में आया।

### रोजगार की तलाश में आया था छोटू कुमार सनलाइट मोड़ पर वाहन ने टक्कर मारी

रात को वह रोहद में कमरे की तरफ जा रहा था। सनलाइट मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। हादसे में उसे गंभीर चोट आई। रातभर उसका भाई राधेश्याम इंतजार करता रहा लेकिन वह नहीं आया। इसके बाद 17 सितंबर की सुबह राधेश्याम को मिली सूचना मिली कि एक्वालाइट मोड़ के निकट छोटू का एक्सीडेंट हुआ है, तो वह तुरंत वहां गया। छोटू को संभाला और पीजीआई में भर्ती करा दिया। तब से उसका ईलाज चल रहा था। शनिवार को ईलाज के दौरान छोटू कुमार ने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों के बयान लिए। राधेश्याम की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खानपुर खुर्द में प्रशासन का रात्रि ठहराव 30 सितंबर को

**झज्जर।** जिला प्रशासन द्वारा आगामी 30 सितंबर को गांव खानपुर खुर्द स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल करेंगे व जिला प्रशासन के सभी अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान डीसी ग्रामीणों से बातचीत करेंगे, उनकी समस्याएं सुनेंगे और मौके पर समाधान सुनिश्चित करेंगे। विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन होगा।

■ उपायुक्त व अन्य वरिष्ठ अधिकारी समस्याएं सुनेंगे

# हाइटेंशन लाइन से युवक को करंट लगा, मौत

**बहादुरगढ़।** गांव निलोठी के साथ लगते खेतों में शनिवार की शाम को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां बिजली की हाइटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान करीब 20 वर्षीय सागर के रूप में हुई है। सागर गांव निलोठी का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, शनिवार की शाम को वह खेत में काम करने गया हुआ था। इसी दौरान हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जब तक किसी की नजर पड़ती, देर हो चुकी थी। उसकी सांस थम चुकी थी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### ग्रामीण नाराज, बोले - चार से पांच फुट की ऊंचाई पर लट रहे बिजली के तार



घटना के बाद से परिवार में मातम पसर गया है तो ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों से 11 हजार केवी की लाइन गुजर रही है। लाइन बिलकुल नीचे लटक रही है। कहीं तो मात्र साढ़े चार से पांच फुट तक ही ऊंचाई पर है। लाइनों की ओर ध्यान नहीं गया, जिस कारण अब हादसा हो गया। घटनास्थल सांपला थाना क्षेत्र के अधीन लगता है। लिहाजा वहां की पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बजरंग, दीपक पूनिया जैसे ओलंपियन पहलवान तैयार करने वाले 'गुरु वीरेंद्र आर्य' को मिला 20 लाख का कैश अवार्ड

**बहादुरगढ़।** कुश्ती जगत को बेहतरीन पहलवान देने वाले कोच वीरेंद्र आर्य को हरियाणा सरकार ने 20 लाख के कैश अवॉर्ड से सम्मानित किया है। विश्व स्तर पर धाक जमाने वाले ओलंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया, अर्जुन अवॉर्डी दीपक पूनिया ने छारा में गुरु वीरेंद्र आर्य से ही कुश्ती की एबीसीडी सीखी थी। वीरेंद्र आर्य गांव छारा के रहने वाले हैं। गांव छारा में शुरु से ही कुश्ती का क्रेज था। छोटी उम्र में आर्य वीरेंद्र भी कुश्ती से प्रभावित हुए। वर्ष 1981 में जब छठी कक्षा में थे तो इन्होंने गांव के धन्ना पहलवान अखाड़ा से कुश्ती सीखनी आरंभ की। दंगलों से लेकर इंटरनेशनल तक का सफर किया। वीरेंद्र आर्य का सपना ओलंपिक में मेडल जीतना था लेकिन चोट व अन्य कारणों से वह इस स्तर पर नहीं पहुंच सके। इसके बाद 1995 में इन्होंने गांव में लाला दीवानचंद कुश्ती एवं योग केंद्र की शुरुआत की। हालांकि इनके मन में ओलंपिक तक न खेलने की भी टीस थी। इसलिए इन्होंने पहलवानों को निखारने में शिद्दत से मेहनत की।

### राहुल गांधी भी उनके अखाड़े आ चुके

आर्य समाज से जुड़े वीरेंद्र दलाल युवाओं को नशे से दूर करने के लिए भी मुहिम चलाते हैं। टीकरी कलां में फिजिकल एजुकेशन के लेक्चरर हैं। कुछ समय पहले राहुल गांधी भी अचानक बजरंग पूनिया के साथ इनके अखाड़े में आए थे। जिला खेल अधिकारी सत्येंद्र कुमार सहित अन्य खेल प्रेमियों ने आर्य वीरेंद्र को बधाई दी है।




### शिष्य- दुनिया में धाक जमा रहे

तब से लेकर अब तक इनके अखाड़े से कई बेहतरीन पहलवान निकले, जिनमें बजरंग पूनिया और दीपक पूनिया जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं। दोनों पहलवान छोटी सी उम्र में वीरेंद्र आर्य के पास आए और कुश्ती की बारीकियां सीखीं। फिर ओलंपिक सहित विश्व स्तर पर पहलवानों ने धाक जमाई। वर्ल्ड मेडलिस्ट प्रदीप देशवाल, एशियन मेडलिस्ट मंदीप, सीनियर एशियन चैंपियन संजीत कुंडू, विक्रम कोटिया, नवीन, सुनील चोटीवाला, प्रदीप चंदू, सलीम, चिराग, नरेश व चैरी जैसे पहलवान तैयार किए है।



### बिजेंद्र सिंह का अभिनंदन

**बहादुरगढ़।** बराही गांव के जूडो कुश्ती कोच बिजेंद्र सिंह को खेल विभाग हरियाणा द्वारा उत्कृष्ट खेल प्रशिक्षक सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सम्मानित कोच का गांव बराही में जोरदार अभिनंदन किया गया। जिला पार्षद एवं भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र छिल्लर बराही ने कोच बिजेंद्र का सम्मान करते हुए कहा कि यह गौरव केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे बराही गांव और बहादुरगढ़ क्षेत्र का है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक चालक की मौत, बिहार का रहने वाला था

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव पाहसौर स्थित एक निजी कंपनी परिसर में खड़ी गाड़ी में एक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जब उसके साथियों को पता चला तो वे उसे लेकर स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बिहार के दरभंगा जिले के गांव सदवा निवासी करीब 47 वर्षीय इंद्र सिंह यादव पुत्र किशन यादव के तौर पर हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची तथा परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को शवगृह भिजवाया। इसके बाद शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले के जांच अधिकारी राकेश ने बताया कि इंद्र यादव बादली क्षेत्र की एक निजी कंपनी में पिछले करीब पांच वर्षों से गाड़ी चलाने का कार्य करता था।



### अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

इस मामले में मृतक के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। मृतक के साथियों का कहना रहा कि जब इंद्र सिंह यादव को मृत घोषित कर दिया गया था तो वे उसके शव को शवगृह के फ्रिजर में रखवाने का आग्रह करते रहे लेकिन उनकी बात नहीं सुनी। अस्पताल कर्मचारियों का कहना रहा कि पुलिस द्वारा ही शव को शवगृह भिजवाया जाएगा। इस कारण सुबह तक शव बाहर रखा रहा और शनिवार की सुबह ही उसे फ्रिजर में रखवाया गया।

# स्मॉल कैप और मिडकैप में कौन आगे, किसने दिया बढ़िया रिटर्न

▶▶ स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट ▶▶ 3 साल, 5 साल और 10 साल में दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न बढ़िया

▶▶ निवेशकों के लिए एसआईपी होता है सबसे अच्छा विकल्प, हो रहे मालामाल ▶▶ एसआईपी में लंबे समय में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता, करें प्लानिंग

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

अलग-अलग मार्केट कैप सेगमेंट्स को रिप्रेजेंट करने वाले इक्विटी फंड्स में स्मॉल कैप और मिड कैप फंड्स को हाई रिटर्न देने के लिए जाना जाता है। इन दोनों फंड्स को को हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट माना गया है, लेकिन पिछले 3, 5 और 10 साल के रिटर्न के लिहाज से दोनों में से कौन सी कैटेगरी आगे रही है। इसे देखा जाए तो दोनों ही श्रेणियों का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। निवेशकों ने अच्छा मुनाफा कमाया है। हालांकि मार्केट की उथल-पुथल के दौरान इनमें रिस्क भी अधिक होता है, जो पिछले 1 साल के दौरान दोनों ही कैटेगरी के एवरेज निगेटिव रिटर्न में नजर आता है, लेकिन 3 साल, 5 साल और 10 साल में स्मॉल कैप और मिड कैप, दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि रिटर्न के मामले में दोनों फंड कैटेगरीज में कौन आगे रहा है, स्मॉल कैप या मिड कैप?

### क्या कहता है पिछला प्रदर्शन

स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स के पिछले 3, 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज के आंकड़े काफी दिलचस्प हैं। लंबी अवधि के निवेश पर दोनों ही श्रेणियों ने काफी अच्छा रिटर्न दिया है। हालांकि एक दो साल का रिटर्न देखें तो कुछ खास नहीं दिखा। इसलिए बाजार के जानकारों का भी कहना है कि निवेश करने से पहले अपने लक्ष्य और धैर्य को जांच लें। हमेशा लंबी अवधिक के लिए निवेश करें। इसके लिए एसआईपी का सहारा भी लिया जा सकता है। एसआईपी में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता होती है।

### 5 और 10 साल के रिटर्न में स्मॉल कैप आगे

पिछले 3 साल के रिटर्न के आंकड़ों में मिड कैप और स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज लगभग बराबर रहा है। इस दौरान स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न 20.86% और मिड कैप का कैटेगरी रिटर्न उससे थोड़ा बेहतर 20.96% रहा है, लेकिन 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज में स्मॉल कैप फंड आगे हैं। 5 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न 28.75% और मिड कैप कैटेगरी का औसत रिटर्न 26.38% रहा है। वहीं, 10 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी ने औसतन 17.24% और मिड कैप कैटेगरी ने 16.29% का एवरेज रिटर्न दिया है।

### रिटर्न के साथ रिस्क भी समझ लें

हालांकि 3 साल से लेकर 10 साल तक के कैटेगरी एवरेज में स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स के आकर्षक रिटर्न साफ नजर आ रहे हैं, लेकिन इन आंकड़ों से पूरी तस्वीर साफ नहीं होती। इन दोनों कैटेगरी के इक्विटी फंड्स में निवेश शॉर्ट टर्म में कितना रिस्की होता है, इसका अंदाजा इनके पिछले 1 साल के निगेटिव रिटर्न को देखकर लगाया जा सकता है. पिछले एक साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 6.54% और मिड कैप कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 3.94% रहा है।



### हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट

स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स को हाई रिटर्न, हाई रिस्क इनवेस्टमेंट कहा जा सकता है। रिस्कोमीटर पर भी इन दोनों कैटेगरी के सभी फंड्स को वेरी हाई रिस्क यानी बहुत अधिक जोखिम की रेटिंग ही दी जाती है। ऊपर दिए आंकड़ों से यह भी साफ है कि मिड कैप और स्मॉल कैप फंड्स में लंबी अवधि के लिए निवेश करने की सलाह क्यों दी जाती है।

### किन्हें करना चाहिए निवेश

ऊपर दिए आंकड़ों से ही कुछ बातें साफ होती हैं। पहली बात तो यह है कि स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स में निवेश उन्हीं लोगों को करना चाहिए, जो ऊंचा रिटर्न पाने के लिए मार्केट से जुड़ा हाई रिस्क लेने को तैयार हैं। दूसरी बात यह कि इनमें पैसे हमेशा लॉन्ग टर्म के लिए ही इनवेस्ट करना चाहिए। यह समझना भी जरूरी है कि इक्विटी फंड्स में पिछला रिटर्न आगे भी जारी रहेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसलिए निवेश से पहले अपनी रिस्क लेने की क्षमता को हमेशा ध्यान में रखें।

### क्या हैं स्मॉल और मिड कैप

**स्मॉल-कैप :** स्मॉल-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण कम होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से कम। ये कंपनियां अक्सर नई और तेजी से बढ़ने वाली होती हैं, और उनके शेयरों में उच्च जोखिम और उच्च रिटर्न की संभावना होती है।

**मिड-कैप:** मिड-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण मध्यम आकार का होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से 20,000 करोड़ रुपये के बीच। ये कंपनियां अक्सर स्थापित और स्थिर होती हैं, और उनके शेयरों में मध्यम जोखिम और मध्यम रिटर्न की संभावना होती है।

### स्मॉल-कैप और मिड-कैप के लाभ

1. **उच्च विकास क्षमता:** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में उच्च विकास क्षमता होती है, जिससे उनके शेयरों की कीमतें बढ़ सकती हैं।
2. **विविधीकरण :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप शेयरों में निवेश करने से आपके पोर्टफोलियो में विविधीकरण होता है, जिससे जोखिम कम होता है।
3. **निवेश के अवसर :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में निवेश करने से आपको नए और रोमांचक निवेश अवसर मिलते हैं

# जरूरत और चाहत में फर्क समझें, बाजार की चकाचौंध में न बिगाड़ लें अपना बजट

अलर्ट

विनोद कौशिक

- बाजार जाएं तो ऑफर्स को देखकर ललचाएं नहीं, संयम बरतना जरूरी
- अपनी जरूरत के हिसाब से ही सामान खरीदें, ताकि कर्ज का बोझ न बढ़े
- कुछ भी खरीदने से पहले जांच लें कि हमें इसकी कितनी जरूरत
- त्योहारों की खरीदारी में खुशियों और जेब का संतुलन रखना बेहद जरूरी

नवरात्रों के साथ ही त्योहारी सीजन भी शुरू हो गया है। बाजार में तरह-तरह की चीजों की भरमार है। दुकानदार इस समय तमाम ऑफर्स पेश कर ग्राहकों को लुभा रहे हैं। ऐसे में आपको भी थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। कई बार ग्राहक बाजार में ऑफर्स देखकर ललचा जाते हैं, लेकिन आपको ध्यान रखना होगा कि त्योहारों की खरीदारी के चक्कर में कहीं आपका बजट बिगड़ न जाए। इसलिए अपना बजट देखकर ईएमआई और लोन ऑफर्स के बीच चाहत और जरूरत में फर्क समझें और खुशियों और जेब के बीच संतुलन बनाकर ही खरीदारी करें। इससे आप अनावश्यक दबाव से बच सकेंगे और बिना किसी कर्ज के खुशियां मना सकेंगे। क्रेडिट कार्ड से खरीदारी न करें, बेहद जरूरी होने पर ही क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करें, वरना ईएमआई का बोझ आपको परेशान कर सकता है।

### बढ़ जाता है खरीदारी का क्रेज

त्योहारों का मौसम जैसे ही नजदीक आता है, खरीदारी का उत्साह तेजी से बढ़ जाता है। नवरात्र और दशहरे के बाद दिवाली तक हर जगह डिस्काउंट व ऑफर्स की बौछार होती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे अमेजन और फ्लिपकार्ट की सेल तो लोगों को और ज्यादा लुभाती हैं। बैंक और फिनटेक कंपनियां आसान ईएमआई, बाय नाऊ पे लेटर और लो-इंटरेस्ट लोन की सुविधा देकर शॉपिंग को आकर्षक बना देते हैं, लेकिन शॉपिंग की इस होड़ के बीच बजट बिगड़ने और कर्ज के जाल में फंसने का रिस्क बढ़ जाता है। त्योहार की खरीदारी जेब पर बड़ा बोझ न बन जाए, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।



**इस फर्क को समझना जरूरी :** त्योहारों पर डिस्काउंट और ऑफर इतने आकर्षक होते हैं कि अक्सर लोग जरूरत और चाहत के बीच का फर्क ही भूल जाते हैं। उदाहरण के तौर पर घर के लिए जरूरी फ्रिज या बच्चों के लिए पढ़ाई का लैपटॉप खरीदना एक जरूरत है, जबकि लेटेस्ट स्मार्टफोन या महंगे गैजेट लेना सिर्फ चाहत हो सकती है। इसलिए इन चीजों के बीच के फर्क को समझकर ही खरीदारी करेंगे तो कर्ज के जाल से बच सकेंगे और हंसी खुशी के साथ त्योहार मना सकेंगे।

**बजट तय करें और उस पर टिके रहें :** खरीदारी का असली आनंद तभी है जब वह आपको बाद में तनाव न दे। त्योहारों के मौसम में हर चीज पर खर्च करने का मन करता है, लेकिन अगर आप पहले से कैटेगरी-वाइज बजट बना लें तो हालात आपके नियंत्रण में रहेंगे। उदाहरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, सजावट और गिफ्टिंग के लिए अलग-अलग रकम तय करें। आजकल कई मोबाइल ऐप्स हैं जिनसे आप रियल-टाइम में अपने खर्च को ट्रैक कर सकते हैं। सिर्फ बजट बनाना काफी नहीं है। असली फायदा तब है, जब आप उस पर मजबूती से टिके रहें।

**लोन लेते समय सावधानी :** त्योहारों पर ईएमआई और बीएनपीएल स्कीमें बहुत आसान लगती हैं, लेकिन याद रखें, यह सब शुरुआत में जितना आसान लगता है, उतना होता नहीं, क्योंकि किस्तें लंबे अरसे तक चलती रहती हैं। एक थंब रूल यह है कि आपकी मंथली इनकम में ईएमआई का हिस्सा अधिकतम 30 से 40 प्रतिशत तक होना चाहिए। इससे बचत और इमरजेंसी खर्चों के लिए भी जगह बनी रहती है। साथ ही ईएमआई को ऑटो-डेबिट में डालना बेहतर है, ताकि पेमेंट में देरी की वजह से पेनाल्टी न देनी पड़े।

### कई लोन लेने की गलती न करें

त्योहार के जोश में लोग कई बार एक साथ अलग-अलग जगहों से लोन ले लेते हैं. कहीं से पर्सनल लोन, कहीं से क्रेडिट कार्ड ईएमआई। नतीजा यह होता है कि हर महीने कई किस्तें चुकानी पड़ती हैं और बजट पूरी तरह गड़बड़ा जाता है। लोन लेने से पहले शर्तें अच्छी तरह पढ़ें। ब्याज दर के अलावा हिडेन चार्ज और पेनल्टी पर भी ध्यान दें। जो ईएमआई अभी सस्ती दिख रही है, हो सकता है लंबे समय में वह महंगी पड़ जाए। इसलिए सिर्फ वही लोन लें जो वास्तव में जरूरी हो और जिसे चुकाना आपके लिए आराम से संभव हो।

### स्मार्ट शॉपिंग से बढ़ाएं बचत

त्योहारों पर डिस्काउंट, बैंक ऑफर्स और कैशबैक एक साथ मिलकर अच्छा फायदा दे सकते हैं। समझदारी इसी में है कि इन ऑफर्स का सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए। कई लोग फियर ऑफ मिसिंग आउट यानी एफओएमओ में आकर जरूरत से ज्यादा खर्च कर देते हैं। याद रखें, ऑफर्स हर साल आते हैं, लेकिन आर्थिक मजबूती सबसे जरूरी है। बजट में जितनी गुंजाइश है, उतना ही खर्च करें। त्योहार परिवार के संग खुशियां मनाने और वक्त बिताने का मौका हैं। उन्हें कर्ज और तनाव का कारण न बनने दें।

# जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे उतनी ही जल्दी बढ़ जाएगा पैसा

- कुछ छोटे छोटे टिप्स जेन जेड को दिला सकते हैं बड़ा रिटर्न
- अभी-अभी कमाना शुरू किया तो निवेश करना शुरू करें
- एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस दे रहे मजबूत पोर्टफोलियो
- जेन जेड ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से जुड़ी हुई
- फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी सतर्क और जागरूक, जल्दी निवेश से मिलता है कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा

तैयारी

बिजनेस डेस्क

अगर आप यूथ यानी जेन जेड हैं और निवेश कर पैसा बढ़ाना चाहते हैं तो अपनी पहली सैलरी के साथ ही निवेश करना शुरू कर दें। आप जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे आपका पैसा उतना जल्दी ही बढ़ेगा। यूथ यानी जेन जेड के लिए निवेश सिर्फ बचत का तरीका नहीं, बल्कि जल्दी आर्थिक आजादी पाने का भी रास्ता है। छोटे-छोटे निवेश से शुरू करके और सही जगह पैसे लगाकर बड़े रिटर्न हासिल किए जा सकते हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस युवाओं को कम रकम से भी मजबूत पोर्टफोलियो बनाने का मौका देते हैं। जेन जेड एक ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से काफी जुड़ी हुई है और फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी जागरूक है। ये युवा सिर्फ पैसे कमाना नहीं, बल्कि उसे समझदारी से इन्वेस्ट करके बढ़ाना भी चाहते हैं। शुरुआती उम्र में इन्वेस्टमेंट शुरू करने से कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा मिलता है, जिससे थोड़े-थोड़े पैसे भी समय के साथ एक बड़ी रकम में बदल सकते हैं, लेकिन ये जानना ज़रूरी है कि कौन से ऑप्शन्स उनके लिए बेस्ट हैं, खासकर जब उनके पास इन्वेस्ट करने के लिए बहुत ज्यादा पैसे ना हों।

### म्यूचुअल फंड्स एसआईपी का जादू

म्यूचुअल फंड एसआईपी जेन जेड के लिए सबसे आसान और भरोसेमंद विकल्प है। खासकर अगर आपको स्टॉक मार्केट की ज्यादा जानकारी नहीं है। इसमें आप महज 500 प्रति माह से शुरुआत कर सकते हैं। हालांकि इसमें थोड़ा लंबी अवधि के लिए निवेश करना होता है, लेकिन यह पैसे बचाने और अच्छा रिटर्न पाने का बेहतरीन तरीका है। एसआईपी को धीरे-धीरे बढ़ाया भी जा सकता है। इसमें आपको 12-15% तक का औसत वार्षिक रिटर्न लंबे समय में मिल सकता है। आपका पैसा कई जगह इन्वेस्ट होता है, जिससे रिस्क कम हो जाता है। एक्सपर्ट्स आपके पैसे को मैनेज करते हैं। जरूरत पड़ने पर आप आसानी से अपने पैसे निकाल भी सकते हैं। अगर आप 1,000 महीने की एसआईपी 20 साल तक करें और 12% रिटर्न मिले तो करीब 9.19 लाख का फंड बन सकता है, जबकि निवेश सिर्फ 2.4 लाख रुपये का होगा।

### डिजिटल गोल्ड–सुरक्षित व आसान

आज के युवाओं को गोल्ड का पुराना झंझट पसंद नहीं। इसलिए उनके लिए डिजिटल गोल्ड निवेश का बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। इसमें निवेश करने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है। निवेश के लिए कई प्लेटफॉर्म ऑनलाइन उपलब्ध हैं। ये जेन जेड के लिए निवेश करने के लिए आसान हैं। युवा इन एप्स के जरीये आसानी से निवेश कर अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं। इसमें 24 कैरेट का शुद्ध सोना खरीद सकते हैं। सिर्फ 100 रुपये से भी निवेश की शुरुआत कर सकते हैं। मेकिंग चार्ज का झंझट नहीं होता। सेफ्टी को लेकर बहुत फिक्रमंद रहने की जरूरत नहीं होती। आप चाहें तो भविष्य में इसे फिजिकल गोल्ड में भी कन्वर्ट करवा सकते हैं। इसके अलावा गोल्ड हमेशा महंगाई को मात देता है और पोर्टफोलियो को स्थिरता देता है।

### कहां निवेश करें?

▶▶ फोन पे, पेटीएम, गूगल पे जैसे प्लेटफॉर्म पर डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं।

▶▶ पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ)–गारंटीड रिटर्न

▶▶ लॉन्ग टर्म और सुरक्षित निवेश चाहने वालों के लिए पीपीएफ परफेक्ट है। इसके जरिए लॉन्ग टर्म में मोटा फंड तैयार किया जा सकता है।

### यह होगा फायदा

इसमें सालाना 500 रुपये मिनिमम निवेश कर सकते हैं। हालांकि बड़े रिटर्न के लिए बड़ी राशि निवेश करनी पड़ेगी। सरकार हर तिमाही ब्याज दर तय करती है। फिलहाल 7.1% है, जो तमाम स्कीम्स की तुलना में बेहतर है। ईईई की कैटेगरी में आने के कारण आपका तीन तरह से टैक्स बचाएगी।

### कैसे करें निवेश?

▶▶ बैंक या पोस्ट ऑफिस में जाकर आप इस स्कीम को शुरू कर सकते हैं।

▶▶ पी2पी लेंडिंग पर सीधे पैसे उधार दें

▶▶ पी2पी लेंडिंग एक नया इन्वेस्टमेंट ऑप्शन है जहां आप सीधे दूसरों को पैसे उधार देते हैं और बदले में ब्याज कमाते हैं।-ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के ज़रिए आप उन लोगों या छोटे बिज़नेसेस को पैसे उधार देते हैं जिन्हें जरूरत होती है।

▶▶ आमतौर पर बैंक एफडी से ज्यादा ब्याज मिलता है (10-18% तक)। आपके इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो में एक नया एसेट क्लास जुड़ता है। फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) : सुरक्षित और स्थिर अगर आपके पास एकमुश्त रकम है और आप निवेश पर कोई रिस्क नहीं लेना चाहते, तो एफडी एक अच्छा ऑप्शन है। इसमें आप बैंक या पोस्ट ऑफिस में एक निश्चित अवधि के लिए पैसे जमा करते हैं और आपको उस पर फिक्स्ड ब्याज मिलता है। इसमें आपके पैसे पूरी तरह सुरक्षित रहते हैं। आपको पहले से पता होता है कि कितना ब्याज मिलेगा। मार्केट के उतार-चढ़ाव का कोई असर नहीं होता।




जानकारी

## मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें बन जाती हैं खतरा, इसलिए पहले से ही कर लें निवेश की तैयारी

**सेवानिवृत्ति के बाद बुढ़ापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम ताकि किसी पर डिपेंड नहीं रहना पड़े**

# एन्युटी में निवेश कर सेवानिवृत्ति के बाद हो जाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र, बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी से बनी रहती है मानसिक शांति


समझदारी

सुश्री विद्या अय्यर

हर व्यक्ति सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक रूप से सुरक्षित रहना चाहता है। चाहे वेतनभोगी हों या स्व-रोज़गार वाले लोग, सभी चाहते हैं कि बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी और मानसिक शांति बनी रहे, लेकिन, मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें अक्सर दीर्घकालिक आय सुरक्षा के लिए खतरा बन जाती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कटौती की है। इससे सुनिश्चित बचत विकल्पों पर मिलने वाले रिटर्न में कमी आई है, जिससे सेवानिवृत्त लोगों को अपनी बचत से कम आय हो रही है। इसलिए आपको पहले से ही जागरूक होना होगा और सेवा निवृत्ति के बाद बुढ़ापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम उठाने होंगे। आपके लिए एन्युटी में निवेश बेहतर विकल्प हो सकता है। इससे आपको जीवन भर की आय मिल सकती है और किसी डिपेंड नहीं रहना होगा। तभी आप अपना भविष्य सुरक्षित रख पाएंगे।

### एन्युटी (वार्षिकी) कैसे मदद करती हैं?

सेवानिवृत्ति के बाद स्थिर और नियमित आय हो तो लोग वित्तीय रूप से सुरक्षित रहते हैं। इस तरह की नियमित आय से सेवानिवृत्त लोग जीवनयापन के खर्च के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा या अपने हर तरह के शौक पूरे कर सकते हैं और दूसरों पर निर्भर हुए बिना शांति से जीवन-यापन करसकते हैं। एन्युटी जीवन भर की आय प्रदान करती है। यह आय मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक आधार पर हासिल की जा सकती है और इसे जीवन भर या निश्चित अवधि के लिए अपनी ज़रूरत के अनुरूप व्यवस्थित किया जा सकता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें निश्चितता होती है। सेवानिवृत्त लोगों को पता होता है कि उन्हें नियमित आय होगी जो उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने में मदद कर सकती है।



### एन्युटी में निवेश करने का यह सही समय क्यों?

ब्याज दरों में गिरावट के माहौल में, एन्युटी विशेष रूप से उपयोगी होती हैं। इससे खरीद के समय ब्याज दर लॉक हो जाती है, जिससे जीवन भर के लिए आय की गारंटी सुनिश्चित होती है और ब्याज दर में किसी भी उतार-चढ़ाव का उन पर कोई असर नहीं पड़ता। भारत विकसित अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, इए में ब्याज दरों में कमी आने की उम्मीद है, जैसा कि अमेरिका और जापान जैसे देशों में देखा जा रहा है। अभी कदम उठाने से भविष्य की आय सुरक्षित करने में मदद मिल सकती है। जो लोग सेवानिवृत्ति के करीब हैं, उनके लिए पूर्वानुमान सुरक्षा लाता है।

### विवेकपूर्ण विकल्प

एन्युटी उत्पाद इस मायने में बहुमुखी हैं कि ये न केवल सेवानिवृत्त व्यक्ति के लिए बल्कि जीवनसाथी के लिए भी गारंटीशुदा आय सुनिश्चित करते हैं। सेवानिवृत्ति की योजना बना रहे किसी भी व्यक्ति के लिए, एन्युटी एक स्मार्ट और भविष्य की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार विकल्प है। अनिश्चितता के दौर में, एन्युटी विश्वसनीयता प्रदान करती है। इस पर आधारित योजनाएं सेवानिवृत्त लोगों को आगे की योजना बनाने का आत्मविश्वास देती हैं, उन्हें ब्याज दर में उतार-चढ़ाव से बचाती हैं और आजीवन स्वतंत्रता सुनिश्चित करती हैं। आज की दरों पर आय को सुरक्षित कर, व्यक्ति अपने स्वर्णिम वर्षों के लिए मज़बूत और सुरक्षित आधार तैयार कर सकते हैं।

*(लेखक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के फिक्स्ड इन्कम हेड हैं।)*

### क्या है एन्यूटी

एन्यूटी एक प्रकार का निवेश है जिसमें आप एक निश्चित राशि का भुगतान करते हैं और बदले में एक निश्चित अवधि के लिए नियमित आय प्राप्त करते हैं। एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक स्थिर और अनुमानित आय मिल सकती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।

### एन्यूटी के प्रकार

1. **फिक्स्ड एन्यूटी** : इसमें आपको एक निश्चित दर पर आय मिलती है, जो आपके निवेश की अवधि के दौरान नहीं बदलती है।
2. **वेरिएबल एन्यूटी** : इसमें आपकी आय बाजार की स्थिति के आधार पर बदल सकती है।
3. **इंडेक्स-लिंक्ड एन्यूटी** : इसमें आय एक विशिष्ट सूचकांक के प्रदर्शन से जुड़ी होती है, जैसे कि शेयर बाजार सूचकांक।

### एन्यूटी के लाभ

1. **नियमित आय** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक नियमित आय मिलती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।
2. **जोखिम कम** : एन्यूटी में निवेश करने से जोखिम कम होता है, क्योंकि आपको एक निश्चित आय मिलती है।
3. **वित्तीय सुरक्षा** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको वित्तीय सुरक्षा मिलती है, जो आपके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है।

### एन्यूटी के लिए कौन उपयुक्त

**1. रिटायर्ड व्यक्ति**

एन्यूटी में निवेश करना रिटायर्ड व्यक्तियों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक नियमित आय की तलाश में हैं।

**2. जोखिम से बचने वाले निवेशक**

एन्यूटी में निवेश करना जोखिम से बचने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक निश्चित आय की तलाश में हैं।

**3. वित्तीय सुरक्षा की तलाश में**

एन्यूटी में निवेश करना उन लोगों के लिए उपयुक्त हो सकता है जो वित्तीय सुरक्षा की तलाश में हैं।

**खबर संक्षेप**

### लोक धुनों की गूंज से गांव-गांव तक पहुंच रहा विकास का संदेश

**झज्जर।** सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत भजन व ड्रामा पार्टियां पारंपरिक हरियाणवी लोक धुनों पर आधारित गीत-संगीत और नाट्य प्रस्तुतियां के माध्यम से लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक कर रही हैं। डीआईपीआरओ सतीश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रमों में भजन पार्टियों ने गांव सासरौली, सुंदरहेटी, कोका, कुलाना, खेड़ी आसरा, बीड सुनार सहित कई गांवों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। गीतों और नाटकों के जरिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत अभियान, नशा मुक्ति और जल संरक्षण जैसे विषयों पर भी लोगों को प्रेरित किया गया।

### सील हुई दुकानों में काम शुरू

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी ने आरोप लगाया कि वेस्ट जुआ ड्रेन पर करीब एक साल पहले अवैध बताकर सील की गई दुकानों को अब दोबारा खोल दिया गया है। सैनी ने कहा कि जब कोई गरीब अपना मकान बनाता है तो नगरपरिषद नक्शा पास न होने का हवाला देकर काम रुकवा देती है।

## बहादुरगढ़ रोड स्थित प्राचीन रामलीला मैदान में मंचन

# लक्ष्मण ने काटी शूर्पणखां की नाक रावण ने बनाई सीता हरण की योजना

मंचन की शुरूआत पंचवटी के दृश्य से हुई



झज्जर। चौदह वर्षों के लिए वन को जाते हुए श्रीराम, सीया एवं लक्ष्मण,रानी कौशल्या के समक्ष वन जाने की आज्ञा लेते हुए श्रीरामचंद्र एवं सीता , राक्षसी शूर्पणखां की नाक काटते हुए लक्ष्मण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

श्री प्राचीन रामलीला कमेटी द्वारा शहर के बहादुरगढ़ रोड स्थित प्राचीन रामलीला मैदान में दिन के समय किए जा रहे रामलीला मंचन में शनिवार को श्रीराम एवं भरत का मिलाप, लक्ष्मण जी द्वारा शूर्पणखां की नाक काटना, उसके बाद शूर्पणखां का लंकापति रावण के दरबार में पहुंच कर उन्हें नाक काटे जाने की जानकारी देने के दृश्यों का मंचन किया गया। मंचन की शुरूआत पंचवटी के दृश्य से होती है जिसमें श्रीराम एवं सीता जी बैठे होते हैं जबकि लक्ष्मण उनका पहरा दे रहा होता है। इसी दौरान वन में विचरण करने पहुंची राक्षसी शूर्पणखां सुंदर राजकुमारों को देखकर उन पर मोहित हो उठती है और एक सुंदरी बनकर उनके समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखती है। लेकिन श्रीराम एवं लक्ष्मण जी द्वारा जब उसका यह प्रस्ताव ठुकरा दिया जाता है तो वह अपने राक्षसी रूप में आ जाती है तथा उन पर हमला करने लगती है। इसी दौरान लक्ष्मण जी उसकी नाक काट देते हैं जिसके बाद वह वहां से चली जाती है और अपने भाई लंकापति रावण के दरबार पहुंचती है। लंकापति रावण उसकी बात सुनता है तथा बहन की नाक काटने वाले राजकुमारों से बदला लेने की योजना बनाता है। इसके बाद वह अपने मामा मारीच के पास पहुंचता है और उनके सामने सीता हरण की योजना बताते हुए स्वर्णमृग का रूप धारण करने की बात करता है।

### रात्रि रामलीलाओं में श्रीराम को मिला वनवास

शहर के भगत सिंह चौक के नजदीक होने वाली श्रीविकास रामलीला में शुक्रवार को महाराज दशरथ एवं महारानी कैकई के बीच संवाद, महारानी कैकई द्वारा महाराज दशरथ से मांगे गए अपने दो वचनों में से एक में भरत को राजतिलक तथा दूसरे में श्रीराम को आगामी चौदह वर्षों तक का वनवास मांगा गया। रघुकुल की रीत निभाते हुए जब महाराज दशरथ अपने पुत्र राम को इस बारे बताते हैं तो वे अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करते हुए खुशी खुशी वन जाने को तैयार हो जाते हैं। ऐसे में सीता जी व लक्ष्मण भी उनके साथ वन जाने का आग्रह करते हैं। उधर, पुराना बस स्टैंड परिसर में होने वाली श्रीलवकुश रामलीला में इन दृश्यों के अलावा श्रीराम जी का सीताजी व लक्ष्मण के साथ वन जाने तथा केवट की सहायता से नाव में गंगा पार करने के दृश्यों का मंचन भी किया गया। इस दौरान केवट द्वारा गाया गीत मेरी छोटी सी है नाव, तेरे जादू भरे पांव, कैसे बिठाऊं तुम्हे नाव में, को दर्शकों ने खूब सराहा।

# स्वयंसेवकों ने ऐतिहासिक मकबरों में की साफ सफाई




झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना और स्वयंसेवक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिले भर में विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट माछरौली के प्राचार्य राजेश खन्ना के नेतृत्व में ऐतिहासिक धरोहर बुआ हसन के मकबरे पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें लिटिल एंजल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की एनएसएस टीम ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। डीईओ एवं डाइट प्राचार्य राजेश खन्ना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं बल्कि सामाजिक दायित्व भी है। हमें अपने घर और आसपास के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों व ऐतिहासिक धरोहरों को भी स्वच्छ रखने में सहयोग देना चाहिए। स्वच्छता से ही स्वच्छ समाज, स्वच्छ झज्जर, स्वच्छ हरियाणा और अंततः स्वच्छ भारत का निर्माण संभव है।

# विद्यार्थियों को बताया योग एवं प्राणायाम का महत्व

*शिविर की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य कृष्ण कुमार ने की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहांगीरपुर में शनिवार को निःशुल्क योग एवं प्राणायाम शिविर का आयोजन किया गया। योगाचार्य जगदीश सहवाग ने विद्यार्थियों को योग- प्राणायाम और देशभक्ति के प्रेरित किया। शिविर की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य कृष्ण कुमार धनखड़ ने की। योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग ने बताया कि कार्यक्रम का लक्ष्य युवा-समर्थ-विकसित- स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के नशे व मांसाहार से दूर रहकर चरित्रवान, बलवान एवं आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी।



झज्जर। शिविर में विद्यार्थियों को योग एवं प्राणायाम कराते हुए योगाचार्य जगदीश सहवाग। फोटो :हरिभूमि

### योग करने से मिलती है मानसिक शांति

उन्होंने बताया कि योग एक विज्ञान है। प्रतिदिन योग करने से हमें आरोग्यता, अच्छा स्वास्थ्य, तेज दिमाग, मानसिक शांति और एकाग्रता की प्राप्ति होती है। इस मौके पर गौरी, मंजू, सविता, अरुणा, विजयपाल, अमित, संदीप, श्रीभगवान, अनिल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित




झज्जर। वाद–विवाद प्रतियोगिता में अपने विचार रखते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

*झज्जर। गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना में शनिवार को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम स्वस्थ पर्यावरण, बेहतर जीवन सभी के लिए पर आधारित कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान निदेशक प्रोफेसर अमन अग्रवाल ने की। उन्होंने पर्यावरण और स्वास्थ्य के बीच के गहरे संबंध को रेखांकित करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा न केवल हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि यह एक सतत जीवनशैली का अभिन्न अंग है। उन्होंने बताया कि वायु, जल, भूमि और ध्वनि प्रदूषण आज के युग में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन रहे हैं। साथ ही जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान में वृद्धि जैसे मुद्दे भी पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। इसके अलावा मैनेजमेंट विभाग के विद्यार्थियों द्वारा विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा के लिए प्लास्टिक का उपयोग न करने, वृक्षारोपण बढ़ाने और ऊर्जा संरक्षण जैसे उपायों को अपनाने की शपथ भी ली।*

# विद्यार्थियों को बताए रेबीज से बचाव के उपाय

*पालतू जानवरों के टीकाकरण के लिए भी प्रेरित किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

अंतरराष्ट्रीय रेबीज दिवस के उपलक्ष्य में एमआर सीनियर सैकेंडरी स्कूल हसनपुर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एमआर वेटनरी साइंस एंड रिसर्च सेंटर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रेबीज जैसी घातक बीमारी के प्रति जागरुक करना और इसके बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर रितिक कौल व डॉक्टर रीता त्यागी ने की। दोनों विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को रेबीज के कारण, लक्षण, बचाव एवं टीकाकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।



झज्जर। विद्यार्थियों को रेबीज के बचाव संबंधी जानकारी देते विषय विशेषज्ञ।

### रेबीज एक जानलेवा बीमारी

रेबीज एक जानलेवा बीमारी है, लेकिन यदि समय रहते इसका इलाज और टीकाकरण किया जाए तो इससे पूरी तरह बचा जा सकता है। उन्होंने पालतू जानवरों के टीकाकरण के लिए भी प्रेरित किया। स्कूल की प्राचार्या नेहा शर्मा ने बताया कि लोगों को इस बीमारी की गंभीरता समझाने और समय पर उपचार के लिए जागरुक करने के उद्देश्य से रेबीज दिवस प्रतिवर्ष 28 सितंबर को मनाया जाता है।

## महिलाओं और विद्यार्थियों को किया जागरूक



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार।

**बहादुरगढ़।** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत छात्र-छात्राओं, महिलाओं व आमजन को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा उपचार, विशेषकर सीपीआर, हड्डी टूटने, रक्त बहाव और फ्रैक्चर की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। यातायात समन्वय प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार व उनकी टीम ने महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, स्वच्छता, पौधारोपण, नशामुक्ति, रक्तदान और यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व महिलाओं को डायल-112 ऐप के बारे में बताया गया और मौके पर ही डाउनलोड व रजिस्ट्रेशन करवाया गया। ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा की भी विस्तार से जानकारी दी गई। उप निरीक्षक सत्य प्रकाश ने कंपनियों में आयोजित जागरूकता सत्र में महिला सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक सिग्नल पालन, ओवरस्पीडिंग व शराब पीकर वाहन चलाने के खतरों पर विस्तार से चर्चा की।

# प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बच्चों को दिए टिप्स



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करते अजय ग्रेवाल।

■ प्रत्येक बच्चे को भावी परीक्षाओं के लिए प्रतिदिन अखबार पढ़ना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव सांखोल के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति के द्वारा काउंसलिंग सेशन आयोजित किया गया। दिल्ली पुलिस में कार्यरत अजय ग्रेवाल ने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा व करियर संबंधित आवश्यक टिप्स दिए। अजय ग्रेवाल ने बच्चों को बताया कि सबसे पहले तो उन्हें बड़े सपने देखने हैं और उन्हें साकार करने के लिए खूब मेहनत करनी है। प्रत्येक बच्चे को भावी परीक्षाओं के लिए प्रतिदिन अखबार पढ़ना चाहिए। अंग्रेजी व्याकरण, गणित पर विशेष ध्यान देना चाहिए। अभी से कक्षा छठी से 12वीं तक की एनसीआरटी की सभी किताबें गहनता से पढ़नी चाहिए। बच्चों के सवालों के भी जवाब दिए कि 10वीं के बाद स्ट्रीम का चयन कैसे करें। एसएससी और यूपीएससी क्या होता है, प्रतियोगिता परीक्षाओं का सिलेबस क्या रहता है आदि सवालों के जवाब भी दिए।

### बच्चों को आर्मी में चयन पाने के टिप्स दिए

इसके बाद जिन बच्चों ने गणित में आ रही मुश्किलों के चलते दसवीं के बाद गणित छोड़ दिया था, उन्हें समझाया कि किस प्रकार शॉर्ट कट ट्रिक के माध्यम से हम प्रतियोगी परीक्षाओं के गणित को आसानी से हल कर सकते हैं। इस अवसर पर मेजर सुधीर राठी ने भी बच्चों को आर्मी में चयन पाने के टिप्स दिए। विद्यालय के प्रिंसिपल संजय राठी और शिक्षकों ने अजय ग्रेवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया। अजय ने भी आश्वस्त किया कि वे समय समय पर आकर बच्चों को टिप्स देते रहेंगे। इस अवसर पर समिति प्रधान संजय कलसन, मनीष चाहार, ललित आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। शिक्षकों के साथ विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### कार्यशाला में उद्यमियता के अनिवार्य गुण बताए

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में प्राचार्य दलबीर सिंह के मार्गदर्शन में उद्यमिता विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसका संचालन रोजगार प्रकोष्ठ अधिकारी रीना कुमारी ने किया। कार्यशाला के पहले दिन विशेषज्ञ स्मृति शर्मा ने स्टार्टअप के मूल विचार, प्रमुख लक्ष्यों की परिभाषा और व्यवसाय मॉडल की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को प्रोग्राम सक्षम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सफल उद्यमिता के लिए धैर्य, अनुभव और कृतज्ञता को तीन अनिवार्य गुण बताया। दूसरे दिन ईकोशाला की संस्थापक निकिता शर्मा ने बिल्डिंग ए स्टार्टअप विषय पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। इस सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, टीमवर्क के महत्व और अपनी विशेष पहचान बनाने की प्रक्रिया पर चर्चा हुई। विद्यार्थियों ने संवादात्मक रूप से अपने विचार साझा किए और स्टार्टअप से जुड़ी चुनौतियों व उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया। अंत में वक्ताओं ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, नवाचार और सही दृष्टिकोण से कोई भी विचार एक सफल स्टार्टअप में परिवर्तित किया जा सकता है।

## एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

# लीगल लिटरेसी क्विज में अंशु व सोनू की टीम रही प्रथम

*विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन समिति ने पुरस्कृत किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में जिला विधिक सेवा प्रधिकरण के तत्वावधान में कानूनी साक्षरता विषय पर एक क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की चार टीमों ने भाग लिया। विद्यालय की लीगल लिटरेसी इंचार्ज अनिता यादव ने बताया कि इस कानूनी साक्षरता पर आयोजित क्विज का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कानूनी सलाह और समाधान के प्रति जागरुकता फैलाना रहा। क्विज में अंशु व सोनू की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि हिना व प्राची की टीम द्वितीय और सुरैना व भूमिका की टीम तृतीय रही। एचडी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने विद्यार्थियों को लीगल लिटरेसी की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कानूनी साक्षरता मिशन समाज के कमजोर वर्गों को निशुल्क कानूनी सहायता और सलाह प्रदान करती है। इसमें न्याय के सौहार्दपूर्ण समाधान की अधिक संभावना बन जाती है। इस मौके पर एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा व प्राचार्य सतबीर सिंह ने भी अपने विचार रखे। क्विज के सभी विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया।




झज्जर। क्विज में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### वॉलीबॉल में करेज और रिस्पेक्ट हाउस रहे विजयी



**झज्जर।** संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में शनिवार को अंतर-सदनीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बालक एवं बालिका वर्ग में विभाजित इस प्रतियोगिता परिणामों में बालक वर्ग में करेज हाउस की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि रिस्पेक्ट हाउस द्वितीय व ऑनेस्ट हाउस तृतीय रहा। बालिका वर्ग में रिस्पेक्ट हाउस की छात्राओं ने पहला व ऑनेस्ट हाऊस की छात्रा खिलाड़ियों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। संस्कारम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने इस सफल आयोजन के लिए स्कूल की स्पोर्ट्स टीम, शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## सागर नारा व विवेक ने इंटर कॉलेज बॉक्सिंग टूर्नामेंट में जीते गोल्ड मेडल



झज्जर। होनहार मुक्केबाज सागर नारा व विवेक। फोटो :हरिभूमि

*झज्जर। महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम के मुक्केबाजों ने इंटर कॉलेज बॉक्सिंग टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीत कर जिले का गौरव बढ़ाया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि खिलाड़ी सागर नारा तथा विवेक ने अपने-अपने भार वर्ग में खेलते हुए ये पदक हासिल किए हैं। उन्होंने बताया कि सागर नारा इससे पहले भी नेशनल आरईसी, खेल महाकुंभ, खेलो हरियाणा में गोल्ड और स्टेट बॉक्सिंग में सिल्वर मेडल जीत चुका हैं। इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उसका चयन हरियाणा टीम में हुआ है और अब वह चेन्नई में 1 से 7 अक्टूबर तक होने वाले फेडरेशन कप में अपनी प्रतिभा दिखाएगा।*

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। ट्रक पर रिफ्लेक्टर टेप लगाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### वाहनों पर लगाई रिफ्लेक्टर टेप

**बहादुरगढ़।** जिला पुलिस द्वारा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस टीम ने वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई और चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में समझाया। केएमपी यातायात प्रभारी ने सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी लापरवाही कई बार बड़ी घटनाओं का कारण बन जाती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सड़क पर चलते समय नियमों का पालन करें, वाहन सावधानी से चलाएं और आगे चल रही गाड़ी से उचित दूरी बनाए रखें। उन्होंने यह भी कहा कि दुर्घटना होने पर घायल की मदद करना सबसे बड़ा मानव धर्म है।

### जानलेवा हमले का आरोपी जेल भेजा

**बहादुरगढ़।** सीआईए-2 बहादुरगढ़ ने बुपनिया निवासी एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार के अनुसार, दीपक निवासी बुपनिया ने शिकायत दी थी कि 25 फरवरी 2025 की शाम को उसके मोबाइल पर नवीन नाम के शख्स की कॉल आई। जब उसकी शिकायत करने थाने जाने लगा तो पता चला कि मेरे पिता पर गांव में गोलियां चली हैं। मामले में कार्रवाई करते हुए लाइनपार के निवासी सुमित को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। जिसके बाद जेल भेज दिया गया।

### जयंती पर याद किए गए शहीद भगत सिंह

**बहादुरगढ़।** बालोर रोड स्थित चंपा गार्डन में जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन कृष्ण पहलवान की अध्यक्षता में शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीद ए आजम को नमन किया और देशभक्ति की राह पर चलने का संकल्प लिया। कृष्ण पहलवान ने कहा कि शहीद भगत सिंह जैसे वीरों के बलिदान की बदौलत ही आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहीद भगत सिंह मंच के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कि हमें अपने घरों में वीरों की तस्वीर लगानी चाहिए। इनकी कुर्बानियों को याद रखना चाहिए तथा भावी पीढ़ी को भी इनके विचारों से रूबरू कराना चाहिए। अमित सोलधा, नीटू, मंजीत, मास्टर दिलबाग आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

## पांचवें नवरात्र के दिन मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

# स्कंदमाता का गुणगान कर मांगलिक कार्यों की पूर्ति का मांगा आशीर्वाद

नवरात्र के पांचवें दिन श्रद्धालुओं ने मां के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

नवरात्र पर्व के चलते श्रद्धा एवं आस्था का सैलाब मंदिरों में उमड़ रहा हैं। अल-सुबह ही मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालु अपनी दिनचर्या को प्रारंभ कर रहे हैं। नगर के मंदिरों में भी नियमित रुप से धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं। वहीं बेरी स्थित मां भीमेश्वरी देवी मंदिर की बात करें तो यहां निरंतर श्रद्धालुओं की भीड़ परिवार सहित पहुंच रही हैं। श्रद्धालु मां के दर्शन करते हुए अपने परिवार की मंगल कामना की दुआ कर रहे हैं। शनिवार को भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। उधर, बाजारों में व्रत एवं उससे जुड़ी वस्तुओं की जमकर खरीदारी हो रही हैं। किरयाणे की दुकानों पर विशेष रुप से व्यापारियों की ओर से नवरात्र पर्व से जुड़े सामान को लेकर साज सज्जा की गई हैं। नवरात्र के पांचवें दिन श्रद्धालुओं ने मां के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा-अर्चना की।

▶▶ *बाजारों में व्रत एवं उससे जुड़ी वस्तुओं की जमकर खरीदारी हो रही हैं। किरयाणे की दुकानों पर विशेष रुप से व्यापारियों की ओर से नवरात्र पर्व से जुड़े सामान को लेकर साज सज्जा की गई हैं।*





बेरी। मां भीमेश्वरी देवी की प्रतिमा व मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

### अलसुबह ही श्रद्धालु लग गए कतारों में

*बेरी में नवरात्र महोत्सव के पांचवें दिन माता भीमेश्वरी देवी के दर्शन करने के लिए सुबह चार बजे मां की आरती के बाद दर्शनों का सिलसिला प्रारम्भ हुआ जो दिनभर जारी रहा हैं। वहीं नवरात्रों की अष्टमी ज्यों ज्यों नजदीक आती जा रही है बेरी की ओर जाने वाले मार्ग और कस्बे की गलियों में श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई हैं।*

### इन स्थानों पर पार्किंग

बेरी कलानौर रोड पर खेल स्टेडियम के नजदीक।
खेल स्टेडियम बेरी।
जहाजगढ़ मार्ग पर खेल स्टेडियम के नजदीक।
दूबलधन मार्ग पर थाना बेरी के नजदीक।
डीघल गांव की ओर से आने वाले वाहनों के लिए हर्बल पार्क के नजदीक।
दुजाना गांव की ओर से आने वाले वाहनों के लिए गैस एजेंसी के नजदीक।

### मां भीमेश्वरी देवी मेले को लेकर सात सौ जवान तैनात

**झज्जर।** धर्मनगरी बेरी स्थित माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में सप्तमी और अष्टमी को लगने वाले मुख्य मेले को लेकर जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह के निर्देशानुसार पूरे मेला परिसर को अलग अलग सेक्टरों में बांटा गया है।



प्रत्येक सेक्टर में अलग अलग सुरक्षा प्रबंधों के साथ पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती की गई है। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित तरीके से अंदर व बाहर वाले मंदिर में आने जाने के लिए जगह जगह बैरिगेटिंग की गई है। सुरक्षा के मद्धेनजर पूरे मेला क्षेत्र को सील कर दिया गया है। मेले में आने वाली महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस बल को भी तैनात किया गया है। पूरे मेला परिसर में करीब सात सौ जवानों को तैनात किया गया है। इस दौरान एसीपी प्रदीप कुमार, एसीपी अनिरुद्ध चौहान, एसीपी सुरेंद्र सिंह, एसीपी अखिल कुमार, एसीपी अनिल कुमार व एसीपी प्रणय कुमार भी मेला परिसर में तैनात रहेंगे।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मौजूद बीके अनुयायी। फोटो : हरिभूमि

### नवरात्र का आध्यात्मिक महत्व समझाया

**बहादुरगढ़।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नवरात्र का त्यौहार हर्षो उल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर ब्रह्माकुमारी अंजलि ने नवरात्र का अर्थ बताते हुए कहा कि जब कलयुग का समय आता है तो परमात्मा शिव शक्तियों द्वारा आसुरी अवगुणों का विनाश करते हैं। उसी का यादगार में यह नवरात्र पर्व है। उन्होंने बताया कि नारी अबला नहीं बल्कि शिव शक्ति है। नवरात्र पर हम देवियों की पूजा करते हैं तो यह दर्शाता है कि भारत में माताओं, बहनों का कितना सम्मान किया जाता है। बीके विनीता ने बताया कि परमात्मा के बुद्धि का योग जोड़कर स्वयं पर कंट्रोलिंग एवं रूलिंग शक्ति द्वारा शिवशक्ति स्वरूप को धारण कर सकते हैं। बीके रेणु ने बताया कि अपने दुर्गुणों को दूर करने वाली आत्मा दुर्गा व श्रेष्ठ लक्षण धारण करने वाली आत्मा ही लक्ष्मी देवी समान है। बीके अमृता ने सभी देवियों के गुणों का आह्वान करते हुए सभी को मेडिटेशन भी कराया। इस अवसर पर गीत, संगीत, नृत्य की प्रस्तुति द्वारा सभी ने देवी की महिमा का गुणगान किया।

# रामबाग श्मशान भूमि सुधार सभा के प्रधान बने राहुल

रामबाग श्मशान भूमि सुधार सभा की नई कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रामबाग श्मशान भूमि सुधार सभा की नई कार्यकारिणी का गठन हो गया है। अब स्व. जगदीश नंबरदार के पुत्र राहुल राठी को सभा का नया प्रधान चुना बनाया गया है।

तेजपाल राठी और पूर्व प्रधान सतीश नंबरदार संरक्षक रहेंगे। दिलीप सिंगला, बल्लू राठी, संजय नारंग, पूर्व पार्षद राजू दलाल और धर्म राठी को उपप्रधान बनाया गया है। सुरेंद्र दलाल सचिव, मोहित भारद्वाज और हुकुम प्रधान सह सचिव, प्रवीण छिल्लर, सोनू सैनी और संदीप मालिक लीगल एडवाइजर, दीपक बत्रा कोषाध्यक्ष तथा पवन नारंग और सीए संजीव गुप्ता सह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। वहीं विनोद गुप्ता को ऑडिटर की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही कार्यकारिणी में प्रवीण दुआ, कृष्ण सैनी, टीनू छिकारा, बबलू जाखोदा, सतीश दलाल, बिट्टू गुलानी, सुरेश शर्मा, विवेक दलाल, भारत कौशिक, बिट्टू बजाज, जोगेंद्र चावला, आकाश छिल्लर, बल्ली, अमित मित्तल, नवीन, बबल, राजबीर राठी, मनीष राठी, पवन छिल्लर और सोनू मक्कड़ को सदस्य चुना गया है।



बहादुरगढ़। सभा की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### सतीश नंबरदार ने आठ सितंबर को दिया त्यागपत

बता दें कि करीब 20 साल तक सभा के प्रधान रहे सतीश नंबरदार ने आठ सितंबर को त्यागपत्र देकर कार्यकारिणी भंग करने का निर्णय लिया था। इसके बाद संजय राठी को प्रधान बनाया गया, लेकिन उन्होंने भी 15 दिन बाद निजी कारणों से इस्तीफा दे दिया। ऐसे में अब नई कार्यकारिणी गठित कर राहुल राठी को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया है।

## हिमाचल से मेडल जीतकर लौटे तीन किक बॉक्सर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के 940 खिलाड़ियों ने भाग लिया

हिमाचल प्रदेश में 22 से 26 सितंबर तक हुई जूनियर नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में झज्जर जिले के खिलाड़ी छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां के तीन खिलाड़ियों ने मेडल जीते।

प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के 940 खिलाड़ियों ने भाग लिया। हरियाणा की ओर से इनमें झज्जर के भी तीन खिलाड़ी शामिल रहे। माजरी के नितिन कुमार ने 55 केजी भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। वहीं 65 केजी भार वर्ग में गुभाना के रौनक ने ब्रांज मेडल पर कब्जा जमाया। इसी तरह महिला वर्ग में बादली निवासी नैनसी ने भी ब्रांज मेडल हासिल किया। कोच मधु कुमारी, योगेंद्र कुमार, सीमा सैनी, रेफरी जसवंत सिंह ने भी प्रतियोगिता में भूमिका निभाई। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल ने खिलाड़ियों को बधाई दी। किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हवा सिंह मलिक व सभी पदाधिकारियों ने विजेताओं को आशीर्वाद दिया।



बहादुरगढ़। प्रधान संतोष कुमार, रेफरी व कोच के साथ विजेता खिलाड़ी।



बहादुरगढ़। रन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीआरजी के धावक। फोटो : हरिभूमि

### 16वीं चैंपियन रन में चमके बीआरजी के धावक

**बहादुरगढ़।** राजधानी दिल्ली के राजघाट पर विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर आयोजित 16वीं चैंपियन रन में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न आयु वर्गों में बीआरजी के 12 धावकों ने पदक इलाके का मान बढ़ाया। रन के दौरान 41 से 50 आयु पुरुष वर्ग में सत्यवान डागर ने प्रथम और गुलाब सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी उम्र के महिला वर्ग में सीमा रावत प्रथम और ललिता पांडेय तृतीय रहीं। पुरुष वर्ग 51 से 60 आयु वर्ग में धर्मवीर द्वितीय और देवेंद्र प्रसाद तृतीय स्थान पर रहे। महिला 60 प्लस आयुवर्ग में कृष्णा राणा ने पहला स्थान पाया। इसी तरह इसी आयुवर्ग की 10 किमी में रमेश चंद ने 52 मिनट में दौड़ पूरी कर दूसरा और रणबीर सिंह ने 53 मिनट 37 सेकंड में दौड़ पूरी कर तीसरा स्थान हासिल किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## साइकिल रैली में 'नशे को ना, जिंदगी को हां' का नारा लगाया

# नशा समाज के लिए घोर अपराध : महंत राजेंद्र दास

नशा केवल व्यक्ति का ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज का बिगाड़ देता है जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के माजरा गांव स्थित दिवाला तीर्थ स्थान से नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत एक साइकिल रैली स्वीटी मलिक, सोनू पहलवान, सुरेंद्र पहलवान तथा संघ प्रचारक पवन के नेतृत्व में निकाली गई। जिसमें 'नशे को ना, जिंदगी को हां' का नारा लगाते हुए हर गली मौहल्ले में दस्तक दी गई। जटेला धाम में पहुंचकर आश्रम में नशा मुक्ति सभा का आयोजन किया गया। महंत राजेंद्र दास ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति का ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज का जीवन बिगाड़ देता है। नशे की लत इंसान से उसकी सोचने-समझने की शक्ति छीन लेती है और धीरे-धीरे उसे बीमारी, गरीबी और अपमान की ओर धकेल देती है। नशा पंजाब की खुशहाली व समृद्धि को खा गया। संत नितानंद महाराज ने भी भांग, सुल्फा, अफीम तथा हर प्रकार के नशे से समाज को दूर रहने के लिए अपने संत साहित्य के माध्यम से सचेत किया है।




झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महंत राजेंद्र दास एवं अन्य प्रबुद्धजन। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद


मौके पर दादरी नगर पालिका के चेयरमैन बख्शी सैनी, रविंद्र मलिक, राजवीर डबास, सरूप साहब, जगबीर सिंह, राजवीर सिंह, मास्टर जबर कादियान, सतवीर सिंह, होशियार सिंह, आशीष कादियान, सुरेंद्र कादियान आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। रिबन काटकर शुभारंभ करते विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

### नूना माजरा में विकास कार्यों का शुभारंभ

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून ने शनिवार को गांव नूना माजरा में करीब 12 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने कबोसिया पाने स्थित वाल्मीकि चौपाल के सुधार कार्य का रिबन काटकर शुभारंभ किया। चौपाल पर 9 लाख रुपये की धनराशि से टीन शेड, नया फर्श और शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा विधायक राजेश जून ने सुनील के घर से रामकुमार के घर तक गली निर्माण का भी नारियल फोड़कर शुभारंभ किया, जिस पर तीन लाख रुपये खर्च होंगे। कार्यों की शुरुआत पर ग्राम सरपंच और ग्रामीणों ने फूलमालाओं से विधायक राजेश जून का जोरदार स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए उनका आभार जताया। विधायक राजेश जून ने कहा कि चौपाल का सुधारीकरण पूरा होने के बाद ग्रामीणों को सामाजिक और सामूहिक कार्यक्रमों के लिए एक बेहतर स्थल उपलब्ध होगा। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के हर गांव तक विकास कार्य पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता है।



झज्जर। शहीद की प्रतिमा के अनावरण के दौरान उपस्थित सांसद दीपेंद्र हुड्डा एवं अन्य।

### सांसद ने किया शहीद की प्रतिमा का अनावरण

*झज्जर। शनिवार को रोहतक लोकसभा क्षेत्र से सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने दूबलधन गांव में शहीद हवलदार सुरेंद्र कुमार कादियान की प्रतिमा का अनावरण किया। बाद में उन्होंने गांव रूडियावास में भी स्वतंत्रता सेनानी शिवराम पहलवान की पत्नी शांति देवी की मूर्ति का अनावरण कर उन्हें नमन किया। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि शहीदों और शहीद के परिवार का मान-सम्मान सबसे ऊपर है। सरकार न केवल शहीद के परिवारजनों को पूरा सम्मान दे अपितु यह सुनिश्चित करे कि किसी भी शहीद के परिजन अभाव में अपना जीवन व्यतीत न करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा की मिट्टी में देश के लिए मर-मिटने की परंपरा रही है। हरियाणा का शायद ही ऐसा कोई गांव होगा जहां कोई न कोई सैनिक, पूर्व सैनिक या शहीद के परिजन न हों। इस अवसर पर विधायक डॉक्टर रघुवीर सिंह कादियान, विधायक गीता भुक्कल, जिलाध्यक्ष संजय यादव, विक्रम कादियान, एसीपी राजबीर जाखड़ सहित काफी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।*

### पद्मश्री डॉ. एसआर रंगनाथन को किया नमन

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में पुस्तकालय विज्ञान के जनक पद्म श्री डॉ. एसआर रंगनाथन की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य दलबीर सिंह, उपप्राचार्या सुमन हुड्डा, वरिष्ठ पुस्तकालाल्याध्यक्ष नरेश दलाल, समस्त स्टाफ सदस्य तथा स्नातक व स्नातकोत्तर वर्गों के विद्यार्थी उपस्थित रहे। पुस्तकालय में एक पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विषयों की शैक्षणिक, संदर्भ और साहित्यिक पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में अध्ययन की आदत विकसित करना और डॉ. रंगनाथन के विचारों के अनुरूप ज्ञान की पहुंच को बढ़ावा देना था। अपने संबोधन में प्राचार्य दलबीर सिंह ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत के साथ स्मार्ट ढंग से कार्य करने की प्रेरणा दी। वहीं वरिष्ठ पुस्तकाल्याध्यक्ष नरेश दलाल ने विद्यार्थियों को डॉ. रंगनाथन द्वारा प्रतिपादित पुस्तकालय विज्ञान के पांच नियमों की महत्ता बताई और कहा कि ये आज के डिजिटल युग में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम का समापन डॉ. रंगनाथन के अमूल्य योगदान को नमन करते हुए तथा कॉलेज में मजबूत शैक्षणिक और अध्ययन संस्कृति को प्रोत्साहित करने के संकल्प के साथ हुआ।



बहादुरगढ़। पुस्तक प्रदर्शनी में मौजूद प्रिंसिपल व अन्य शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### एनसीसी कैडेट्स ने किया श्रमदान, भित्ति चित्र भी बनाए

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में स्वच्छोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया और विशेष रूप से प्लास्टिक की बोतल और पॉलीथीन को उठाकर उनका निस्तारण किया। कैडेट्स ने स्वच्छता ही सेवा विषय पर महाविद्यालय में भित्ति चित्र बनाए और स्वच्छता का संदेश दिया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर कविता और लेफ्टिनेंट श्रीकिशन चाहर ने दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य दलबीर सिंह ने भी कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया और कहा कि वे अपने गांव में भी लोगों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करें तभी यह अभियान पूरे देश में सफल हो सकता है।



झज्जर। महाविद्यालय में भित्ति चित्र बनाते हुए एनसीसी कैडेट्स।

### ग्रुप डांस की विजेता छात्राओं को किया सम्मानित

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ की छात्राओं ने जिला स्तरीय कला उत्सव की ग्रुप डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। छात्राओं के स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्राचार्या डॉक्टर लाली, स्कूल इंचार्ज डॉक्टर राजबाला, इन्फोर्मेशन ऑफिसर रविंदर कौशिक और हिंदी प्राध्यापक पवन द्वारा उनका स्वागत करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रविंद्र कौशिक ने बताया कि छात्राओं की डांस की तैयारी पीजीटी हिंदी पूनम, टीजीटी साइंस अंजना और पीजीटी इंग्लिश अन्नू द्वारा कराई गई।



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित ग्रुप डांस की विजेता छात्राएं।

### प्रश्नोत्तरी में आकाश सदन के विद्यार्थी रहे प्रथम

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तुंबाहेड़ी में साप्ताहिक अंतर्सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी में आकाश सदन की ज्योति, कनिका, खुशबू व तन्नु की टीम ने प्रथम तथा अग्नि सदन से नेहा, अंजलि, तन्नु व रोहन की टीम ने द्वितीय हासिल किया। इनके अलावा वायु सदन से कोमल, निकिता, पायल, हिमांशु तथा पृथ्वी सदन से हिमांशी, महिमा, जिया व कोमल की टीम संयुक्त रूप से तृतीय रही। इस मौके पर एसएस अध्यापिका विनोद, कंप्यूटर टीचर रवीना, परमजीत, अशोक कुमार, मुकेश कुमार, मैनपाल दहिया सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी।